तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

10 उड़नदस्ते ने 1.63 लाख नकद किया बरामद, दो पर कार्रवाई



10 मतदाता जागरुकता के लिए मेहंदी, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता





## खबर संक्षेप

### अशांति फैलाने वाले तीन बदमाश गए जेल



**किरंदुल।** किरन्दुल पुलिस ने बाहर से आकर शहर में रहने व अशांति फैलाने वाले तीन बदमाशों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। जिला दंतेवाड़ा में अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कपिल चंद्रा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में नगर में शराब सेवन कर रात्रि तक घूमने, नगरवासियों के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार कर हो-हल्ला करने व अशांति फैलाने वाले 3 बदमाशों सम्राट हरिजन उम्र 27 वर्ष मुर्ताहण्डी कोटपाड़ थाना चांदली जिला कोरापुट ओडिशा हॉल मलप्पा कैम्प करण हरिजन के घर किरन्दुल, सागर बिनीया उर्फ सोनू उम्र 25 वर्ष निवासी पुराना भट्ठीपारा वार्ड क्रमांक 7 किरन्दुल एवं सिनू रेड्डी उम्र 29 वर्ष निवासी नया मुण्डा जगदलपुर, हॉल गजराज कैम्प वार्ड क्रमांक 3 किरन्दुल के विरुद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### छात्राओं ने निकाली रैली मतदान का संदेश दिया

**कांकेर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह एवं स्वीप जिला नोडल जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर 1 अप्रैल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर की छात्राओं ने रैली निकालकर मतदान के लिए शहरवासियों से आग्रह किया।

# एमपी निर्मित 1.30 लाख की 20 पेटी अवैध अंग्रेजी गोवा शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बड़ाजी थाना क्षेत्र के खालेपारा टांडपाल सिंगनपुर में रेड मारकर आबकारी की टीम ने भारी मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित अग्रेंजी शराब गोवा जब्त किया है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 1.30 लाख रुपए आंकी गई है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

जिला आबकारी अधिकारी रतन नागेश ने बताया कि बड़ाजी थाना क्षेत्र में अवैध शराब डंप कर बेचे जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद आबकारी उप निरीक्षक अंकित सिंह राठौर, सुरेश कुमार पुरैना व परिविक्षाधीन एसआई मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में रेड कार्रवाई के लिए टीम रवाना किया गया था। टीम द्वारा ग्राम खालेपारा टांडपाल सिंगनपुर थाना बड़ांजी निवासी सोमेश कुमार मौर्य के घर पर रेड की कार्रवाई की गई। आरोपी के कब्जे से मध्यप्रदेश प्रांत में निर्मित एवं विक्रय के लिए रखा नॉन ड्यूटी पेड विदेशी मदिरा 20 पेटी गोवा व्हिस्की कुल 180 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद किया गया। जब्त अवैध शराब की अनुमानित कीमत 1 लाख 30 हजार रुपए आंका गया है। आरोपी के खिलाफ छग आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) 34(2) 36,व 59 क के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार पुरैना परिविक्षाधीन एसआई मनोज कुमार यादव, आरक्षक शिवप्रसाद सिन्हा, श्याम सुंदर केसरी, ललित ठाकुर, शैलेश कुमार पांडेय तथा महिला नगर सैनिक संगीता व वाहन चालक हेमराज बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**बड़ाजीं थाना क्षेत्र के खालेपारा टांडपाल में आबकारी की रेड**



### चुनाव से पूर्व आबकारी की टीम सक्रिय

लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब के परिवहन व बिक्री पर रोक लगाने आबकारी की अलग अलग टीम द्वारा संभावित स्थानों में रेड की कार्रवाई की जा रही है। टीम द्वारा करपावण्ड, दरभा, लोहण्डीगुड़ा व बास्तानार इलाके में लगातार अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर दबिश दी जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी रतन नागेश ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## आयोजन: महिलाओं ने खेलकूद व बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

# उत्कल दिवस पर निकाली गई शानदार शोभायात्रा, कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर कलाकारों को किया गया पुरस्कृत

उत्कल दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन आयोजित खेलकूद स्पर्धा में भारी संख्या में महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। वहीं दूसरे दिन उत्कल दिवस की पूर्व संध्या पर समाज भवन से विशाल शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। पिंक साड़ी में महिलाएं तथा पीले वस्त्र में पुरूष रैली में शामिल हुए। इस दौरान डीजे की धुन पर बच्चे भक्ति संगीत में नृत्य करते हुए चल रहे थे। रैली के सामने समाज के बच्चे देवी देवताओं के रुप में सजकर सुसज्जित वाहनों में सवार होकर शोभायात्रा को भव्य रूप देने में अपनी भागीदारी निभाई।

गौरलबल है कि 1 अप्रैल 1936 को ओडिशा राज्य की स्थापना हुई थी। इसी स्थापना दिवस को उत्कलभाषी उत्कल दिवस के रूप पूरे देश में उल्लास और गरिमा के साथ मनाते है। बस्तर संभाग उत्कल समाज द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर प्रतिवर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन समाज की महिला विंग द्वारा महिलाओं के लिए खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया था। इसमें अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं दूसरे दिन उत्कल दिवस की पूर्व संध्या रैली व भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरुष बच्चे शामिल हुए। रैली उत्कल समाज भवन से प्रारंभ हुई। इस दौरान समाज के बच्चों को विभिन्न देवी देवताओं के स्वरूप में सुसज्जित वाहनों में सवार किया गया था। शोभायात्राा उत्कल भवन से सर्किट हाउस, मेन रोड, गोल बाजार सीरासार चौक होते हुए ब्राम्हण पारा स्थित उत्कल भवन में समापन किया गया। शोभायात्रा के दौरान ब्राम्हणपारा, मेनरोड, गोलबाजार व पावरहाउस मार्ग मे शीतल पेय व आईसक्रीम की व्यवस्था की गई थी जिसका लुफ्त सभी ने उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत समाज द्वारा रात्रि भोज का आयोजन किया गया था, जिसमें भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। समाज अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने भव्य कार्यक्रम के लिए समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया।







### कलाकारों ने दी नृत्य व संगीत की प्रस्तुति

उत्कल दिवस के समापन अवसर पर सोमवार को समाज भवन में आमंत्रित अतिथियों की मौजूदगी में सचिव विजय बेवर्ता द्वारा सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत समाज के कलाकारों ने नृत्य व संगीत की प्रस्तुति दी और जमकर तालियां बटोरी। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में अव्वल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# दो राज्यों की सीमा क्षेत्र में मुठभेड़, एक नक्सली मारा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तेलंगाना व छग की सीमा से लगे सुकमा जिले के ग्राम पेसेलपाड़ व दोरामंगू के बीच जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद एक नक्सली के शव समेत भारी मात्रा में विस्फोटक व हथियार बरामद किया गया है।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुकमा जिले से डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व कोबरा 208 बटालियन की सयुंक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान में रवाना हुई थी।



- भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सल सामग्री बरामद
- डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व 208 कोबरा की संयुक्त कार्रवाई

अभियान के दौरान सोमवार सुबह लगभग 7:20 बजे तेंलगाना राज्य के सीमावर्ती ग्राम पेसेलपाड़ व दोरामंगू के बीच जंगल पहाड़ी में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, कोबरा की सयुंक्त टीम की माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। माओवादियों के फायरिंग के जवाब में जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसके बाद नक्सली जंगल का आड़ लेकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल की सर्चिंग में जवानों ने एक पुरूष माओवादी का शव के अलावा बीजीएल रायफल, बीजीएल सेल व अन्य हथियारों के अलावा नक्सली सामग्री बरामद किया है। आईजी ने बताया कि मुठभेड़ की विस्तृत जानकारी टीम के सुकमा पहुंचने के बाद मिल सकेगी।

# बाइक के सायलेंसर को मोडीफाई करना युवक को पड़ गया महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

- बचेली पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

बाइक के सायलेंसर को मोडीफाई करना एक युवक को महंगा पड़ गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बचेली पुलिस ने युवक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की।

जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त एवं नियमों का पालन करने तथा बढ़ते हुये वाहन दुर्घटना की रोकथाम हेतु बिना नंबर वाहनों, तीन सवारी एवं बिना हेलमेट मोटर सायकल एवं अन्य वाहनों के चालकों के विरुद्ध कुल 348 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सोमवार को 1 मोटर सायकल चालक अरमान खान उम्र 22 वर्ष निवासी ओरा कैंप वार्ड क्रमांक 5 किरन्दुल के द्वारा मोटर सायकल के सायलेंसर को मोडीफाई कर चलाने से चालानी कार्रवाई की जाकर समन शुल्क वसूला गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों, बिना नंबर वाहनों, नाबालिग वाहन चालकों, तीन सवारी एवं बिना हेलमेट मोटर सायकल चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।



# मेकॉज में व्यवस्था चरमराई 200 कर्मचारियों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- डीएमएफटी से मिलता है वेतन

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में 31 मार्च तक अनुबंध के तहत काम करने वाले कर्मियों को निकाल दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 200 कर्मियों को डीएमएफटी से वेतन मिलता था। ऐसी स्थिति में मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था चरमरा गई है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों के बैठ जाने से अव्यवस्था होना स्वभाविक है। वहीं निकाले गए कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। चुनावी माहौल होने के कारण राजनीतिक दल से भी उनको सपोर्ट नहीं मिल पाएगा इसलिए आज मेकॉज में किसी तरह की कोई हलचल दिखाई नहीं पड़ी। कर्मचारियों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में फंड की कमी के चलते विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पहले से बनी हुई है वहीं अब बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में और वार्डों में काम करने वाले कर्मचारियों के हटने से बड़ी समस्या पैदा हो गई है। संभवतः कल इस संबंध में कर्मचारी नेता और राजनीतिक दल के लोग अपनी सक्रियता दिखाएंगे।



# नाबालिग की आत्महत्या मामले में सर्व आदिवासी समाज ने कार्रवाई की मांग की

**बीजापुर।** तुमनार रोड में आईटीआई के पास रविवार को नाबालिग युवती का शव पेड़ पर लटकता मिला था। परिजनों ने युवती की आत्महत्या को संदिग्ध बताते हुए सर्व आदिवासी समाज के माध्यम से उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि सर्व आदिवासी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल मृतिका के घर पहुंच कर अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल हुआ और घटना की जानकारी जुटाई गई है। उन्होंने बताया कि मृतिका (17 वर्ष) निवासी चिन्नाकोड़ेपाल की रहने वाली है। यहां बीजापुर में अपनी मौसी के यहां रहती थी। परिजनों के अनुसार शनिवार को किसी से फोन में बात कर घर से निकली थी। 1 बजे के करीब अपनी सहेली से बात कर फोन काट दी थी। उसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। रविवार को परिजनों को सूचना मिली की तुमनार रोड में कोकड़ा पारा के पास शव लटका हुआ है। तेलामी ने कहा कि बीजापुर में परदेशियों की बढ़ती संख्या के चलते जिले में अपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं। आदिवासी युवतियों को कथित तौर पर प्रेमजाल में फंसा कर उनके इज्जत आबरू के साथ खिलवाड़ के साथ शादी का झांसा देकर उनकी जमीनों पर कब्जा जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सर्व आदिवासी समाज बीते वर्षों में यहां फर्जी तरीके से आदिवासी जमीनों के मालिक बने बैठे लोगों की जांच के साथ 17 वर्षीय आदिवासी युवती के आत्महत्या मामले में जल्द कार्रवाई करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



# लखमा मनोरंजन करने वाले नेता : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर।

भाजपा कार्यालय में बस्तर लोकसभा प्रभारी महेश जैन, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और जिला संगठन प्रभारी शिवनारायण ने प्रेसवार्ता में कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की कमी अभी से दिखाई दे रही है। वहीं बीजेपी के कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं। भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप भारी मतों से विजयी होंगे। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा पर आरोप लगाते कहा कि लखमा अनपढ़ है उन्हें बस्तर और छत्तीसगढ़ में कॉमेडी करने वाला नेता कहा जाता है। उन्होंने बस्तर के आदिवासियों के सम्मान को कम करने का काम किया है। लखमा ने कहा है बेटे के लिए बहू मांगने गया था पार्टी ने मुझे दुल्हन टिका दिया। इस बयान पर आपत्ति जताते हुए उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का बौद्धिक स्तर इस तरह का हो तो वह समाज के बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व कैसे कर सकेगा। वहीं भाजपा प्रत्याशी गांव का एक छोटा सा कार्यकर्ता है। इससे यह सिद्ध होता है कि भाजपा सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ रही है जिससे बस्तर का विकास हो सके।



## ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर दस्तक दें कार्यकर्ता, लाभार्थियों से करें संवाद

# बस्तर में कमल खिलाने भाजपा के कार्यकर्ता संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर।

नगर पंचायत बस्तर और दरभा मण्डल के कामानार में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप व जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनानी है। मौजूदा लोकसभा चुनाव देश की दशा व दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ता रहे, इसके लिये एक एक कार्यकर्ता संकल्प के साथ कार्य करे बस्तर में कमल खिलाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचें और मतदाताओं सहित लाभार्थियों से संपर्क साधे। बस्तर लोकसभा सीट के साथ छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीत कर अबकी बार 400 पार के नारे को भाजपा के ऊर्जावान कार्यकर्ता चरितार्थ करेंगे। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, योगेन्द्र पाण्डेय, उदबोराम नाग, फूल सिंह सेठिया, रामानंद मिश्रा, बृजेश भदौरिया, संतोष बघेल, सीता बाई नाग, गागरा राम नाग, विष्णु प्रताप कश्यप, मयाराम नाग, मोहन मौर्य, शालिनी सैंमसन, तुलाराम कश्यप, किरण सेठिया, सुखदेव मण्डावी, लखमु कश्यप, प्रेमनाथ पाणिग्रही, रमेश कश्यप समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप

## यादव ठेठवार समाज का दो दिनी अधिवेशन 6 व 7 को

**चारामा।** यादव ठेठवार समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 6 और 7 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। कांकेर ठेठवार समाज के महासचिव गणेश यदु ने बताया की यह अधिवेशन ग्राम कोरर यादव समाजिक भवन में संपन्न होगा। इस वार्षिक अधिवेशन में बस्तर संभाग के सभी यादव ठेठवर समाज के सदस्य उपस्थित होंगे। दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य समाजिक एकता और उत्थान हैं। इस सभा के प्रथम दिवस में महिला प्रकोष्ठ का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ यादवों के इष्ट देव भगवन कृष्ण के पूजा अर्चना से होगा एवं जिला कांकेर के महिला प्रकोष्ठ का पुनर्गठन व निर्वाचन किया जाएगा। समाजिक प्रकरणों का निराकरण और विमर्श किया जाएगा साथ ही युवा प्रकोष्ठ का निर्वाचन कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। युवा प्रकोष्ठ के बैठक में तीन वर्षो से हुए कार्य की समीक्षा की जाएगी एवं समाज के विविध गतिविधियों पर विचार विमर्श किया जाएगा। परिवारिक सर्वेक्षण भी होगा व ऐसे छात्र छात्राए जो विद्यालय और महाविधालय से अध्ययन कर अच्छे अंक लाकर समाज की गरिमा को बढ़ाया है उनको समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह अधिवेशन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ, मंडल अध्यक्ष, कांकेर राज महासभा, युवा प्रकोष्ठ सलाहकार मंडल, युवा प्रकोष्ठ के मंडल के पदाधिकारी उपस्थिति रहेंगे।

## चालक की लापरवाही से मौत पर अपराध कायम

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत मचेसुखई के निर्माणाधीन पुलिया के नीचे गिरने से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 5 फरवरी की शाम 7 बजें मृतक सुकलाल कोमरे ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 18 ई 1877 में परसादी कोठारी को पीछे में बैठकर पारिवारिक काम से मिचेसुखई गए थे। वापसी के दौरान मिचेसुखई निर्माणाधीन पुलिया के पास मृतक अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मिचेसुखई पुलिया के लिए गढ्ढा खोदा गया था, जिसमें मोटर सायकल अनियत्रित होकर गढ्ढे में गिरने से मौत होने पर पुलिस ने आरोपी चाकल के खिलाफ धारा 304 (ए) भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

## ग्राम चिल्हाटी में कच्ची शराब जब्त, दो कोचिए गिरफ्तार



**कांकेर।** जिले के कोरर व नरहरपुर थाना क्षेत्र में कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले दो शराब कोचियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। दोनो कोचिया के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। कोरर पुलिस को ग्राम चिल्हाटी आवासपारा निवासी महेन्द्र कुमार निर्मलकर अपने घर के सामने प्लास्टिक जरकीन में देशी महुआ शराब को बिक्री करने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहा है। कोरर पुलिस ने जानकारी की तस्दी करने के उपरांत बताए गए स्थल पर 31 मार्च को दोपहर लगभग 12 बजें घेराबंदी किया। एक व्यक्ति सफेद रंग के 5 लीटर वाला प्लास्टिक जरकीन को पकड़कर बैठा था। नाम पता पूछने पर अपना नाम 44 वर्षीय महेन्द्र कुमार निर्मलकर पिता जयलाल निर्मलकर बताया। तलाशी लिए जाने पर आरोपी के कब्जे से मिली जरकीन में 2.3 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 230 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

नरहरपुर पुलिस ने 31 मार्च की शाम पौने 8 बजें आरोपी पुसावंड निवासी 30 वर्षीय शिवराम कुंजाम पिता फुलसिंह कुंजाम हाल कोर्रामपारा शोरीपारा थाना नरहरपुर निवासी कब्जे से एक सफेद कलर का 10 लीटर वाली जरकीन में साढ़े 4 लीटर हाथ भट्टी से बनी हुई महुआ शराब को रखकर बिक्री करने के लिए अपने कब्जे में रखा था, जिसे जप्त कर धारा 34(1) (क) आबकारी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पूर्व सैनिकों ने नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवाओं के साथ निकाली मतदान जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतदान तिथियों के नजदीक आने के साथ साथ प्रशासन द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में लोगों को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिये प्रतिदिन मतदाता जागरुकता अभियान स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे युवक एवं युवतियों के साथ पूर्व सैनिकों ने डीएनके मैदान कोंडागांव से होते हुए मंडी रोड, बाजार पारा, गांधी चौक, बस स्टैंड एवं कोतवाली से होते हुए डीएनके मैदान तक मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली। रैली में लोगों से अपील की गई कि 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा तथा 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करें।

**मतदाता जागरुकता अभियान स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन**







### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगाँव ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, पूर्व सैनिक ढ़ालेश साहू, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, पूर्व सैनिक राकेश कुमार, सेवारत सैनिक श्रीकांत तिवारी, सेवारत सैनिक उमेंद्र, केकती बर्मन, जिला पुलिस बल और यातायात पुलिस बल के जवान और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 450 युवक एवं युवतियां मौजूद रहे।

## महतारी वंदन के नाम पर चंद महिलाओं को लाभ, बाकी के साथ नाइंसाफी कर रही साय सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोंडागांव श्रीमती राज मरकाम ने महतारी वंदन योजना को लेकर साय सरकार पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सास- बहू, माँ- बेटी, देवरानी- जेठानी में फूट डालने का काम कर रही है। चुनाव के पूर्व महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरवाते समय भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नेताओं ने बड़े बड़े मंचों से कहा था कि सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा चाहे वो कलेक्टर की पत्नी हो या भूपेश बघेल की पत्नी। सरकार बनते ही ये भाजपाई बात से पलट गए और कई नियम कानून बनाकर माताओं बहनों के साथ खिलवाड़ किया। फिर क्राइटेरिया में आने वाली सभी माता बहनों ने जब फॉर्म भरा ,तो सही प्रूफ होने के बाद भी एक को मां और एक को मौसी का बना दिया। बहू को मिल रहा तो सास को नही । माँ को मिल रहा तो बेटी को नहीं। देवरानी को मिल रहा तो जेठानी को नही । ये कैसा महतारी वंदन है । आपस मे फूट डालने का काम कर रही साय सरकार ।




■ महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोंडागांव राज मरकाम ने भाजपा सरकार पर लगाया पक्षपात का आरोप

पक्षपात बंद करें और सभी महिलाओं के खाते में दें राशि, सभी महिलाओं के खाते में दें 1–1 हजार रुपए प्रति माह दे। चुनाव रिजल्ट के अगले महीने से देनी चाहिए। वास्तविकता तो यह है सरकार की नीयत सही नहीं है सिर्फ लोकसभा चुनाव को देखते हुए आनन फानन में बिना तैयारी के चंद महिलाओं के खाते में ही पैसा दिया है । अगर किसी मोहल्ले में 200 महिलाएं निवासरत हैं तो केवल 15 से 20 महिलाओं के खाते में ही पैसा आया है । भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है।

## कार्रवाई : आरोपी रायपुर व महासमुंद के निवासी

# उड़नदस्ते ने 1.63 लाख नकद किया बरामद, दो पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



लोकसभा निर्वाचन 2024 के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपादित कराने के लिये निर्वाचन आयोग एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में लगातार उड़नदस्ता निगरानी दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा निर्वाचन को प्रभावित करने वाली समाग्रियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिसके तहत रविवार शाम उड़नदस्ता दल द्वारा एसडीएम केशकाल अंकित चौहान के मार्गदर्शन में जिले की सीमा पर स्थित दादरगढ़ में वाहनों की जांच की गयी।

■ नकद राशि का कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके, की गई कार्रवाई

### टोयोटा हाईराइडर वाहन में मिली नकदी

– जांच के दौरान टोयोटा हाईराइडर वाहन क्रमांक सीजी 06 जी 9363 की जांच के दौरान महासमुंद निवासी मोहित जैन एवं रायपुर निवासी मनीष जैन के पास से नकद 1 लाख 63 हजार 500 रुपए बरामद किए गए। इस संबंध में संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ पर उनके द्वारा नकद के संबंध में कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। इसके बाद विधिवत कार्रवाई शुरू की गयी।



### टीम में सामिल रहे ये

उड़नदस्ता दल प्रभारी कमाल अहमद एवं पुलिस प्रभारी मेहकराम मण्डावी द्वारा प्राप्त नकद राशि को बरामद करते हुए गवाहों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया। इसके साथ ही जब्त नकद राशि को जिला स्तरीय समिति को प्रेषित कर दिया गया है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने कराई प्रशिक्षणार्थियों की लिखित परीक्षा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे युवक एवं युवतियों का डीएनके मैदान में अग्निवीर और छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक की लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यास परीक्षा लिया गया। जिसमें 450 युवक एवं युवतियों ने भाग लिया।

■ अधिक से अधिक युवाओं के चयन के लिए कर रहे मेहनत

पूर्व सैनिकों द्वारा युवक एवं युवतियों को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के साथ साथ लिखित परीक्षा का भी अभ्यास कराया जा रहा है। ताकि कोंडागांव जिले से अधिक से अधिक संख्या में युवक एवं युवतियां अग्निवीर और जिला पुलिस बल में चयनित हो सके।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू , कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगाँव ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, पूर्व सैनिक ढ़ालेश साहू, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, पूर्व सैनिक राकेश कुमार, सेवारत सैनिक श्रीकांत तिवारी, सेवारत सैनिक उमेंद्र और जिला रोजगार कार्यालय से श्रीमती केकती बर्मन मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कोंडागांव ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर रखी गयी। यह बैठक बस्तर लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा को विजयी बनाने ब्लॉक के समस्त कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में आयोजित हुई । जिसमे नेताओं ने दादी लखमा कवासी को बस्तर सांसद चुनकर दिल्ली भेजने कार्यकर्ताओ को रिचार्ज किया गया। व चुनावी टिप्स दिए। ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में पूर्व मंत्री मोहन मरकाम प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रविवार घोष , पीसीसी सदस्य शांतिलाल सुराना प्रदेश संयुक्त महामंत्री कैलास पोयाम प्रदेश कांग्रेस सचिव सकुर खान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल जिला कांग्रेस महामंत्री द्वय गीतेश गाँधी रितेश पटेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन के साथ मंडल अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष सहित जनपद सदस्य सरपंच एवं भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नेता मौजूद रहे।




# मतदाता जागरुकता के लिए मेहंदी, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के लिये प्रेरित करने के लिए सोमवार सभी जनपद पंचायतों में मतदाता जागरुकता थीम पर मेहंदी, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता जिले की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को देश की लोकतांत्रिक परंपरा को बनाये रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिये बिना किसी भय, धर्म, जाति, मूलवंश, समुदाय के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी को आगामी निर्वाचन में मतदान के अधिकार का प्रयोग करने हेतु संकल्प दिलाया गया। फरसगांव, बड़ेराजपुर, माकड़ी, केशकाल एवं कोण्डागांव में महिलाओं द्वारा लोगों मतदान हेतु जागरूक करने के लिए रैली निकालकर मतदान का महत्व लोगों को बताया गया।

■ जिले की सभी जनपद पंचायतों में की गई आयोजित

■ प्रलोभन व भय से प्रभावित हुए बिना मतदान करने का दिलाया संकल्प







**बनायी गयी मानव श्रंखला –** प्रतियोगिता में सभी महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर महिला समूह की दीदियों द्वारा लोगों को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही महिलाओं ने रंगोली एवं मेहंदी के माध्यम से मताधिकारी का संदेश तथा लोकतंत्र में मतदान के महत्व को प्रदर्शित किया।

# नंदनमारा पुल निर्माण की धीमी गति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में कांकेर बायपास के तहत नंदनमारा में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल का आकस्मिक निरीक्षण कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 1 अप्रैल को किया तथा निर्माण कार्य की धीमी गति पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए आगामी बारिश के सीजन शुरू होने के पहले हरहाल में पुल का निर्माण करने संबंधित ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर अभिजित सिंह 1 अप्रैल की सुबह 10.30 बजे कांकेर बायपास के तहत नंदनमारा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर निर्माणाधीन पुल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर बंद पड़े क्रेन को देखकर काफी नाराजगी जताई और कहा कि यदि कार्य की गति इतनी धीमी रही तो निर्धारित तिथि तक किसी भी दशा में निर्माण पूरा नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि तकनीकी दिक्कतों का हीला-हवाला देकर वैसे भी नियत तिथि से कार्य 15 दिन विलम्ब चल रहा है, ऐसे में बारिश से पहले 15 जून तक पुल पर वाहनों की आवाजाही प्रारंभ होना असंभव है। कलेक्टर ने कहा कि कांकेर जिला सहित बस्तर संभाग के 07 जिलों के अलावा अंतर्राज्यीय परिवहन इसी मार्ग से होता है। ऐसे में यहां भारी वाहनों की आवाजाही के चलते अक्सर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसे देखते हुए निर्माण कार्य में और अधिक विलम्ब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बारिश के पूर्व किसी भी स्थिति में पुल का गुणवत्तापूर्वक निर्माण पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त मानव संसाधन बढ़ाने व स्लैब का काम जल्द शुरू करने गति में वृद्धि करने के निर्देश मौके पर उपस्थित संबंधित ठेकेदार और कनिष्ठ अभियंता को दिए। इसके अलावा ठेकेदार को निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए नए सिरे से कार्ययोजना तैयार करने निर्देशित किया। निरीक्षण स्थल पर उपस्थित कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि उक्त उच्च स्तरीय पुल पर सभी 28 गर्डर तथा 06 पियर (कॉलम) का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि बाहर से अतिरिक्त क्रेन के आने के पश्चात कल से गर्डर लांचिंग का काम शुरू हो जाएगा।

## भाजपा का शक्ति प्रदर्शन आज, सीएम का भी होगा रोड शो

# भाजपा प्रत्याशी नाग आज दाखिल करेंगे नामांकन, सीएम की होगी सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग 2 अप्रैल को शुभ मुर्हूत में नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा का शक्ति प्रदर्शन दिखेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री द्वय विजय शर्मा, अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप रोड शो में शामिल होंगे और नए बस स्टैंड में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। भाजपाईयों ने नए बस स्टैंड में सभा के लिए चल रही तैयारी का जायजा लिया।

■ भाजपाइयों ने नए बस स्टैंड में सभा के लिए चल रही तैयारी का जायजा लिया

भाजपा के जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने बताया कि आठों विधानसभा में पहुँचने वाले भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पुराने कम्युनिटी हॉल में एकत्र होंगे और उसके उपरांत रोड शो कांकेर शहर के मुख्य मार्ग से निकलेगा। कलेक्टोरेट मार्ग से भाजपा प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने कलेक्टोरेट जाएंगे वहीं रोड शो में शामिल भाजपा कार्यकर्ता नए बस स्टैंड परिसर में आयोजित सभा में शरीक होंगे। शहर के पुराने कम्युनिटी हाल से नामांकन रैली निकलेगी जो मुख्य सड़क से होते हुए शहर के नए बस स्टैंड पहुंचेगी। भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग की नामांकन रैली ऐतिहासिक व भव्य होगी, जिसमें लोकसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता, सिरहा, बैगा, गुनिया, गायता, पुजारी, आम जनता शामिल होंगे। आमजनता ने कांकेर लोकसभा में भाजपा को पहले ही जिताने का मन बना लिया है। इस बार कांकेर लोकसभा में भाजपा की जीत ऐतिहासिक होगी। सभा स्थल का जायजा लेने के लिए भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल अपनी टीम के साथ 1 अप्रैल को सभा स्थल नए बस स्टैंड पहुँचे और सभा स्थल की तैयारी का जायजा लिया। कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने भी भाजपा नेताओं से कई विंदुओ की जानकारी लेकर सुरक्षा का इंतजाम करने की रणनीति तैयार किया।



आयोजित नामांकन रैली में लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, सह प्रभारी विक्रम उसेंडी, यशवंत जैन, लोकसभा प्रभारी अभिषेक सिंह, सह प्रभारी संतोष बाफना, लोकसभा सांसद मोहन मंडावी, लोकसभा संयोजक भरत मटियारा, सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, चारों जिला के जिलाध्यक्ष सहित कांकेर लोकसभा कोर कमेटी, चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य कांकेर लोकसभा के आठो विधानसभा के कोर कमेटी व चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# वार्षिक मेला मड़ई का शुभारंभ आस्था व संस्कृति के बिखरे रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

आस्था एवं परम्परा के अनूठे संगम के साथ फरसगांव के पारंपरिक वार्षिक मेला मड़ई का आज शुभारंभ हुआ। मेले में नगर के साथ आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों एवं उनके देवी-देवताओं के भारी हुजूम में आस्था और संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिले। इस मौके पर उमड़ी भारी भीड़ द्वारा भीगे चावलों एवं पुष्प-पंखुड़ियों की वर्षा के साथ देवी-देवताओं की अगुवानी की गई। मेला में आसपड़ोस के देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ महासंगम एवं पूरे विधि-विधान से देव परिक्रमा सम्पन्न हुई। आसपास क्षेत्र से पहुंचे देवी देवताओं का सम्मानपूर्वक फूलों से स्वागत किया गया। इस दौरान एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, तहसीलदार जयकुमार नाग, नायब तहसीलदार निधि नेताम, सीएमओ अजय राजपूत, जनपद अध्यक्ष शिशकुमारी चनाप, नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, पार्षद विजय लांगड़े, शैल सेठिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राज मरकाम, प्रहलाद कुंजाम ने भी देवी देवताओं के साथ शामिल हुए ।

■ 14 परगना के देवी देवता हुए शामिल,मेला स्थल की परिक्रमा की

■ खाने- पीने के सामान के स्टाल के साथ रोमांचकारी खेल व झूला भी

मेले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए फरसगांव थाना प्रभारी नरेश साहु के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए मेले से लगे सभी चौक चौराहे पर सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है, ताकि को अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही मेले में पुलिस पेट्रोलिंग कर नागरिकों की सुरक्षा एवं अनहोनी से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई।

### मीनाबाजार में सामानों के साथ रोमांचक खेलों की व्यवस्था

मेला में खाने- पीने के स्टाल के साथ रोमांचकारी खेलों की भी व्यवस्था की गई है। मीना बाजार में आकाश झूला, मौत कुंआ, चाँद तारा झूला, ब्रेक डान्स, ड्रेगन झूला, टोरा टोरा झूला, बच्चों के लिए मारुती झूला, हनुमान झूला और बच्चों के लिए उछल कूद करने के लिए मिकी माउस, गैस गुब्बारा झूला, में बच्चों को मौज मस्ती के साथ उछल कूद करने की जगह बनाई गई है।

## खबर संक्षेप

### चेम्बर पदाधिकारी ने व्यापारियों से की मुलाकात



**गीदम।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन रविवार को गीदम पहुंचे। इस दौरान उपाध्यक्ष हरिश सोनी और उनकी टीम ने उनका जोशीले अंदाज में स्वागत किया। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए व्यापारिक हितों के संदर्भ में व्यापारियों से विचार विमर्श किया।

### व्यय लेखा जांच के लिए तिथि निर्धारित

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर विजय दयाराम के. द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखांकन जांच हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत जिला पंचायत बस्तर में स्थापित निर्वाचन व्यय लेखा अनुवीक्षण सेल में 5 अप्रैल को प्रथम, 10 अप्रैल को द्वितीय और 16 अप्रैल को तृतीय व्यय लेखांकन जांच की जाएगी। उक्त निर्धारित तिथियों में प्रातः 11 बजे नियत स्थल पर उपस्थित होकर अपने निर्वाचन व्यय लेखा का जांच करवाने के लिए सभी अभ्यर्थियों को सूचना दी गई है।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को करें कार्यमुक्त : अजाक्स

**जगदलपुर।** छग अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप दैनिक मजदूर में पदस्थ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कार्य से कार्यमुक्त करने की मांग की है। अजाक्स संघ के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष व्हीपी शोरी ने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराते कहा कि कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी सेवानिवृत्त कर्मचारी एचसी. पानीग्राही टाईमकीपर, मोहनलाल साहू टाईमकीपर, रमेश पाण्डे चौकीदार, रामदयाल जैन चौकीदार एवं शिबोराम माली को दैनिक मजदूर के पद में पदस्थ किया गया है। उपरोक्त कर्मचारी सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन प्राप्त करते हुये भी इन्हें दैनिक मजदूर के रूप में उक्त कार्यालय में पदस्थ किया गया है। जबकि उक्त कर्मचारियों से अधिक शिक्षित व्यक्ति बेरोजगार है। उनके हक को छीनकर पेंशनधारियों को प्राथमिकता देकर कार्य लिया जा रहा है, जिसका संघ विरोध करता है। आप तत्काल कार्यवाही कर पेंशनधारी कर्मचारियों को उक्त कार्यालय से हटाकर शिक्षित बेरोजगारों को पदस्थ कर उन्हें उनका हक दिलावें। उक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं किये जाने की स्थिति में संघ के द्वारा उग्र आन्दोलन किया जावेगा।

### घर-घर जाकर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**दंतेवाड़ा।** मतदाता जागरूकता को लेकर जिले के ग्राम पंचायतों में स्वीप के तहत लोन लोन दायो (घर-घर जाकर) कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत बांगापाल, हारम, कारली में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय महिलाओं द्वारा रंगोली बनाकर, स्लोगन व मतदाता शपथ कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में लोगों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने, उन्हें शपथ दिलाने की गतिविधियां की जा रही है। ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सकें।

## विधायक ने अधिकारियों को लगाई फटकार

# ठेकेदार फरार सौतनार में पेयजल के लिए हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदगढ़





शासन की महती योजना किस कदर धरातल पर दम तोड़ती है, इसकी एक बानगी सुकमा जिले के विकासखण्ड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत सौतनार में देखने को मिल रही है। यहां एकल ग्राम योजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन हर घर जल पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर जून 2022 को 2 करोड़ 96 लाख 63 हजार की लागत से निर्माण एजेंसी दिनेश कुमार केला को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सुकमा के द्वारा निविदा कर दिया गया। परन्तु ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते आज तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। यहां के रहवासी बागाराम, डोमुराम, अर्जुन एवं दर्जनों लोगों ने बताया कि यह कार्य प्रारंभ करने के पश्चात पिछले एक वर्ष से ठेकेदार फरार है और न हीं यहां कोई विभागीय अधिकारी आकर हमारी समस्या को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। भीषण गर्मी की शुरूआत हो चुकी है व ऐसे समय में हमारे पेयजल की समस्या को दूर करने, हमारे ग्राम में करोड़ों रुपए की लागत से हो रहा, यह कार्य बंद हैं। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सौतनार में कुल पांच पानी टंकी बन रही है और सभी की हालत ऐसे ही है।

### ग्रामीणों की समस्या देख हुए नाराज

इसी बीच ग्रामीणों के बीच जनसम्पर्क में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल एवं पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप सौतनार पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने अपनी पेयजल सम्बन्धी समस्याओं को अवगत कराते हुए जल्द ही इसे पूर्ण कराने हेतु कहा। इस पर विधायक गोयल ने तत्काल अधिकारियों को मोबाइल के माध्यम से फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने हेतु व सम्बन्धित ठेकेदार पर कार्यवाही करने के लिए भी कहा।

## सेवानिवृत्ति पर सभी स्वत्वों का समय पर हो भुगतान: कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्र को संवारने और संभालने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर सेवा के अंतिम दिन सभी स्वत्वों को जारी करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। शासकीय सेवक के रूप में लम्बी अवधि तक सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को शासकीय नियमों के अनुसार उनका हक एवं पात्रता के आधार पर पीपीओ प्रदाय करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। कलेक्टर विजय ने सोमवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत्त हुए 30 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्यक्तियों को पुष्पमाला, शॉल-श्रीफल और पीपीओ पत्र देकर सम्मानित किया।

- 30 कर्मचारियों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

इस अवसर पर अवगत कराया गया कि मार्च 2024 में सेवानिवृत्त हुए 30 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। इस मौके पर कार्यालय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन से संयुक्त संचालक कमलेश रायस्त, उपसंचालक भारती कोर्राम, एटीओ ममता सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त हुए विशिष्टगण उपस्थित थे।

## कांग्रेस की तरह उनकी घोषणाएं भी फर्जी : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की पत्रकार वार्ता पर तीखा पलटवार करते हुए भाजपा के वरिष्ठ मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की कई फर्जी घोषणाओं को छत्तीसगढ़ की जनता ने 2018 के चुनाव में भी सुना था, घोषणाएं पूरी नहीं हुई। कांग्रेस पार्टी की तरह ही कांग्रेस की घोषणाएं भी फर्जी हैं। झूठ का पुलिंदा जनता इसके कई प्रमाण देख चुकी है।

कश्यप ने कहा छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने महिलाओं को 500 देने का वादा किया था। 5 साल में एक भी महिला को 500 की राशि नहीं दी गई। जिन लोगों ने 5 साल 500 नहीं दिया अब वह 8000 प्रति महीना देने का वादा कर रहे हैं और यह कहने में उन्हें किसी प्रकार की कोई शर्म भी नहीं आ रही है। यही कारण है कांग्रेस पूरी तरीके से हर जगह से खदेड़ी जा रही है। कश्यप ने कहा कि किसान के साथ न्याय की बात करने वाली कांग्रेस सरकार जब केंद्र में 10 वर्ष थी। तब धान खरीदी का 10 वर्षों में किसानों को कुल 4.4 लाख करोड़ ही भुगतान किया था। जबकि मोदी की सरकार ने 12 लाख करोड़ से ज्यादा का भुगतान किया। जब यह सरकार में रहते हैं तब कुछ करते नहीं और जब विपक्ष में आते हैं तो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। युवा न्याय के विषय पर कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं के हक को कांग्रेस ने किस प्रकार मारा। किस प्रकार पीएससी घोटाला किया, नौकरी देने का वादा पूरा नहीं किया, युवाओं का 15 हजार करोड़ का बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया, किस प्रकार कांग्रेस सरकार से तंग होकर छत्तीसगढ़ के युवाओं को नग्न प्रदर्शन करना पड़ा। यह सब ने देखा है और युवाओं ने अपने साथ हुए अत्याचार के खिलाफ ही सरकार को उखाड़ फेंका। युवाओं के साथ इतना अन्याय करने वाली कांग्रेस फिर से युवाओं के साथ न्याय की नई घोषणाएं कर रही हैं यह हास्यप्रद है।

कश्यप ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तो पत्रकारों के सवाल के जवाब में यह तक नहीं बता पाए कि कितनी गरीब महिलाओं को वह 1 लाख प्रति वर्ष देंगे? क्योंकि देश में अगर वह 50 करोड़ महिलाओं को भी यह राशि देंगे तो उसके लिए 50 लाख करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी और इतना ही देश का एक साल का बजट है, अतः यह सभी घोषणाएं कांग्रेस की तरह ही फर्जी है।

## लाभार्थी योजनाओं को लेकर घर-घर जाएं कार्यकर्ता : अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



लोकसभा चुनाव नामांकन के पश्चात भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा बस्तर संभाग प्रभारी ने दंतेवाड़ा भाजपा कार्यालय में आज अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कार्यकारिणी की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक जा कर संपर्क करने के लिए कहा।

पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अनुसूचित जनजाति मोर्चा बस्तर प्रभारी वनवासी मौर्य ने कहा कि एक साधारण व गरीब आदिवासी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश कश्यप को भाजपा ने बस्तर लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो हर एक छोटे से छोटे कार्यकर्ता का सम्मान करती है। इसलिए इसे कार्यकर्ताओं की पार्टी कहा जाता है। इसमें कोई भी कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं होता, इसलिए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। साथ ही मौर्य ने कहा कि भाजपा केंद्र व राज्य सरकार की जितने भी योजनाएं है। उनका लाभ हर घर एवं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर संपर्क करना होगा। अधिक से अधिक जरूरतमंद योजना के लाभार्थी बने, इसमें सभी को प्रयास करना होगा। अबकी बार 400 पार का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिला स्तर, शक्ति केंद्र स्तर में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर सामाजिक संगठनों के साथ भी समन्वय के साथ संपर्क करना होगा।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी थी। 3 महीना के अंदर ही लगभग सभी गारंटियों को पूरा किया गया हैं और जनता को सीधा लाभ मिलने लगा है। सरकार की लाभार्थी योजनाओं को लेकर घर-घर जाकर वंचित लाभार्थियों को लाभ दिलाने का कार्य भाजपा कार्यकर्ता करें। जिससे जनता में विश्वास बना रहे और जरूरतमंद लाभ ले सके। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं दंतेवाड़ा जिला प्रभारी नन्द किशोर राना, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री पिसे वट्टी, जिला महामंत्री ध्रुवा कुंजाम, भीमा कवासी, अर्जुन, छन्नू ताती, रति भास्कर, डमरू राम वेको, धुरवाराम पोड़ियामी, अनिल ताती व भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीसरी बार मोदी सरकार बनाने कार्यकर्ता जुटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को नगर पंचायत बस्तर के बस स्टेण्ड में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया।

इस दौरान पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कार्यकर्ताओं को कहा कि केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाना है। भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में विजयी बनाने सभी कार्यकर्ता तन मन से जुट जाए। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी ने कहा केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की साय सरकार के विकास कार्यों व योजनाओं को बूथ व घर-घर तक जाकर कार्यकर्ता जानकारी दें। इस दौरान मंडल प्रभारी विजय पांडे, मंडल अध्यक्ष उदबोराम नाग, रामानंद मिश्रा, जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शालिनी सेमसन, रविशंकर शुक्ला, तुलाराम कश्यप, लखमु कश्यप, सुखदेव मंडावी, गणेश बघेल, प्रेमनाथ पानीग्राही, रमेश कश्यप, किरण सेठिया सहित भाजपा मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आदर्श मतदान केन्द्रों में टेंट व्यवस्था, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभाकक्ष में नोडल अधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी की बैठक आज आहूत की गयी।

बैठक में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जयंत नाहटा के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के अतंर्गत जिले में स्थापित 1 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 6 युवा मतदान केन्द्र एवं 10 संगवारी मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत व्यवस्था एवं मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि आदर्श मतदान केन्द्रों में से हर ब्लाक में तीन-चार मतदान केन्द्रों का विशेष रूप से चिन्हांकित करने के लिए स्वागत द्वार, सेल्फी पांईट और आकर्षक टेंट व्यवस्था की जाए। साथ ही प्रत्येक आदर्श मतदान केन्द्रों में प्रसाधन केन्द्र, पेयजल व्यवस्था, छायादार सुनिश्चित होनी चाहिए। बैठक में इसके अलावा मरम्मत की आवश्यकता वाले मतदान केन्द्रों, विद्युत विहीन मतदान केन्द्रों की जानकारी चाही गई और एक-दो दिवस के अंदर सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### राजनीतिक दलों की बैठक

*इसके साथ ही पूर्वान्ह में भी निर्वाचन संचालन नियम 1961 के तहत पोस्टल बैलेट संबंधी निर्देशों में संशोधन के तहत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की भी बैठक ली गई। बैठक में 1 मार्च के अनुसार पोस्टल बैलेट संबंधी निर्देशों में संशोधन के अंतर्गत आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों जिसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता शामिल है के लिए होम वोटिंग, सुविधा केन्द्र तिथि और समय एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए नये निर्देशों से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर हिमाचंल साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी सहित निर्वाचन दायित्वों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।*

## एनएमडीसी बचेली का लौह अयस्क उत्पादन में नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



देश की सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक परियोजना बचेली ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में लौह अयस्क का रिकॉर्ड उत्पादन करते हुए उत्पादन व प्रेषण में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस वित्तीय वर्ष में 157.22 लाख टन आरओएम उत्पादन हुआ। वहीं एलसीएफ उत्पादन 160.97 लाख टन रहा। वर्तमान वित्तीय वर्ष की इस उपलब्धि की तुलना में पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वित्तीय वर्ष 2022-23 में आरओएम व एलसीएफ उत्पादन क्रमशः 147.16 लाख टन एवं 145.15 लाख टन था। निक्षेप क्रमांक 5 में आरओएम उत्पादन 93.37 लाख टन एवं एलसीएफ उत्पादन 97.00 लाख टन रहा। लौह अयस्क उत्पादन व प्रेषण में पिछला रिकॉर्ड वर्ष 2022-23 की तुलना में श्रेष्ठ उत्पादन करते हुए एनएमडीसी बचेली परियोजना ने यह नया कीर्तिमान रचा है। बचेली कॉम्प्लेक्स ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल, मई, जून, अगस्त, अक्टूबर, दिसम्बर, फरवरी तथा मार्च महीनों की अवधि में उत्कृष्ट मासिक प्रदर्शन करते हुए यह नवीन उपलब्धि अर्जित की है। बचेली कॉम्प्लेक्स ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में सड़क मार्ग से 16.37 लाख टन प्रेषण कर अब तक के किसी भी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त की है। परियोजना के प्रमुख बी. वेंकटेश्वरलु अधिशासी निदेशक ने इस कीर्तिमान के लिए सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आगामी वित्तीय वर्ष में भी बचेली परियोजना उत्पादन एवं उत्पादकता के नवीन आयाम छूकर उत्पादन एवं प्रेषण के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

## प्रतिभागी अवसर को भुनाकर अपने सपने को करें साकार: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने एनईईटी की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए मिल रही सुविधा और अवसर को भुनाकर अपने सपने को साकार करें।

प्रतिभागी अपने आत्मविश्वास से भविष्य को निर्धारित कर सकते हैं, व्यक्ति स्वयं अपना भाग्य विधाता बने। प्रशासन आवश्यकता वाले लोगों के सपने को पुरा करवाने के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाता है, किंतु मेहनत खुद को करनी पड़ती है। इसके लिए अनुशासित होकर नियमित कक्षा में उपस्थिति, आधुनिक गैजेट से दूरी, सिलेबस के आधार पर पढ़ाई और रिवीजन, लगातार मॉक टेस्ट देना जैसी आदत डालनी होगी। उक्त बातें कलेक्टर ने धरमपुरा स्थित ज्ञानगुड़ी एनईईटी परीक्षा के लिए एक माह का क्रेश कोर्स प्रारंभ अवसर पर कही।

कलेक्टर ने परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों से आगे पांच और दस साल बाद अपने आप को कहां देखना चाह रहे हो का सवाल पूछा। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि 12वीं के बाद जीवन में परिवर्तन का दौर शुरू होता है, सब अपने लिए सपना, लक्ष्य तय करते है। इस ज्ञानगुड़ी संस्था द्वारा ज्ञान के साथ-साथ दी जा रही अन्य सुविधाओं का बेहतर उपयोग कर सभी विद्यार्थी संस्था को अच्छे रिजल्ट देंगे। एनईईटी परीक्षा में सेलेक्ट होकर बस्तर क्षेत्र में चिकित्सकों की कमी को पूरा करें। समाज के लिए मेहनत करें, क्षेत्र के लोगों की सेवा करने की मंशा के साथ भविष्य को देखें।

ज्ञात हो जिला प्रशासन द्वारा एनईईटी परीक्षा के लिए एक माह का क्रेश कोर्स प्रारंभ किया गया है। इसके लिए प्रवेश परीक्षा भी लिया गया, जिसमें 140 बच्चों का चयन किया गया है। इसमें बस्तर जिले के अलावा अन्य नजदीकी जिलों से भी बच्चे पढ़ाई करने पहुंचे है। निशुल्क कोचिंग सुविधा के लिए विद्यार्थियों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नोडल प्रशिक्षण अलेक्जेंडर चेरियन सहित संस्था के शिक्षक मौजूद थे।

## युवा मोर्चा ने जगह-जगह लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता जिले में माहौल बनाने में जुट गए हैं। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा चुनाव हेतु भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए युवा चौपाल लगाया जा रहा है।

इसी के तहत भाजयुमो प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकार बस्तर प्रवास पर हैं। जिले के बचेली, दंतेवाड़ा व गीदम मंडल में युवाओं के मध्य पहुंच कर युवा चौपाल के माध्यम से दंतेवाड़ा जिले के युवाओं में उपकार ने जोश भरते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी दी व मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प दिलाया। उपकार चंद्राकार लगातार बचेली, दंतेवाड़ा व गीदम में आयोजित युवा चौपाल में उपस्थित रहे व युवाओं से संवाद करते हुए यह भी कहा कि इसी युवा मोर्चा के मेहनत का ही परिणाम है कि दंतेवाड़ा से विधायक बड़े अंतर से निर्वाचित हुए हैं और इस लीड को हमें और बढ़ाना है।

साथ ही गीदम में आयोजित चौपाल में विधायक चैतराम अटामी भी उपस्थित थे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दिन में 19 घंटे देश के लिए काम कर रहे हैं, ऐसे व्यक्ति की हमें आवश्यकता है। इसलिए उन्हें हैट्रिक लगाने में और 400 पार का लक्ष्य पूरा करने में हमें एकजुट होकर काम करना होगा। इन कार्यक्रमों में ओजस्वी भीमा मंडावी, लक्ष्मण झा, जयदयाल नागेश, दीपक बाजपेई, सतीश प्रेम चंदानी, रामू नेताम, श्रवण कड़ती, निलेश पाटले, धन सिंह, सुमित भदौरिया, कमलेश गौतम, विक्रम अग्रवाल, अरविंद कुंजाम, लक्ष्मी यादव, विनोद साहू, श्रीकांत, राहुल असरानी, सुजीत बैस, रानबर्ग, निखिल नाग, राजतिलक, अजय अवस्थी, राजेश, दिनेश कौशल इत्यादि युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### योजनाओं से वाकिफ हुए सेन समाज के लोग



**जगदलपुर।** संभागीय सर्व नाई सेन समाज की सोमवार को हुई बैठक में सभी सातों जिला के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। मोदी सरकार के योजनाओं के विषय में समाज के लोगों को जानकारी दी गई। साथ ही सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, शिल्पी बोर्ड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोना सेन, कांकेर जिला अध्यक्ष कैलाश सेन, जिला संरक्षक कांकेर अरुण कौशिक, जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर, शिल्प बोर्ड के सदस्य विजय सेन की उपस्थिति में बैठक हुई। इस दौरान सदस्य सरोज श्रीवास, लक्ष्मी शंकर श्रीवास, राजेश श्रीवास, मोनू ठाकुर, राहुल ठाकुर, बाबू श्रीवास, दिनेश श्रीवास, रमन ठाकुर, रूपेश सेन, कृष्ण ठाकुर, राम लखन ठाकुर, लोकेश्वर सेन, दिनेश सेन, शैलेन्द्र कौशिक, तुलेश कुमार सेन, प्रदीप कौशिक, हरिशंकर सेन, रुखम सेन, राधेश्याम कौशिक, अनिल सेन, तूकाराम सेन उपस्थित थे।

### बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र की अव्यवस्था की शिक्षकों ने डीईओ से की शिकायत

**कांकेर।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के मूल्यांकन केंद्र में भारी अव्यवस्थाओं के बीच मूल्यांकन कार्य कराया जा रहा है। भीषण गर्मी में मूल्यांकनकर्ताओं के लिए पेयजल व कूलर की व्यवस्था नहीं है,जो पंखे लगे हुए हैं वे बिगड़े हुए हैं। एक कमरे में 40 से 50 मूल्यांकनकर्ताओं को बैठाकर मूल्यांकन कार्य कराया जा रहा है। यह शिकायत शिक्षकों के संघ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीईओ से किया है। कांकेर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों नें गहरी नाराजगी जताई है। बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र मूल्यांकन के 10 दिन के उपरांत भी केंद्र प्रभारी बेपरवाह है और मूलभूत समस्याओं को बताए जाने के बाद भी निराकरण नहीं किया जा रहा है, वहीं 200 किलोमीटर से अधिक दूरी से आए मूल्यांकन कार्य करने वाले शिक्षक व शिक्षिकाओं की आवासीय व्यवस्था गर्मी के अनुरूप नहीं है। शौचालय एवं मूत्रालय की उचित व्यवस्था नहीं है।

### प्रत्याशी ने भगवा गमछा पहनाया और तिलक लगाकर कराया प्रवेश

# दो दर्जन से अधिक लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने सोमवार को नारायणपुर जिले के करीब एक दर्जन गांव का दौरा कर किबाई बालेंगा स्थित बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा अर्चना की। नारायणपुर में मावली मन्दिर पहुंचकर माता के समक्ष मत्था टेका। इस दौरान 2 दर्जन से ज्यादा लोग भाजपा प्रवेश किए।



कुम्हारपारा, मुंजमेटा, गढ़ बेंगाल सहित अन्य कई गांव में पहुंचकर समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि देश हित, धर्म हित में काम करने वाले व्यक्ति को प्रधानमंत्री पद पर बिठाना है, इसलिए ऐसे दल को समर्थन करना है। डबल इंजन की सरकार बनेगी तब ही देश व राज्य सहित संभाग का विकास होगा। हम सभी को अधिक मेहनत करते तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। हम सभी को जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार है।

देश में अनेक वर्षो से एक ही राजनीतिक पार्टी का राज था, 60 वर्ष राज करने वाली एक मात्र पार्टी ने एक ही नारा के साथ पूरे देश में राज किया था वह नारा किसी से छिपी नहीं है। मैं सामान्य किसान परिवार का बेटा हूं और मुझे पार्टी ने अवसर दिया है। गारंटी को पूरा करने वाले को प्रधानमंत्री के रूप में चुनना है। जिसके लिए आप सभी को सांसद चुनना पड़ेगा, आप अधिक से अधिक लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करे। आप सभी से आग्रह है कि इस बार सांसद पद के लिए मुझे समर्थन देकर दिल्ली में बस्तर का प्रतिनिधित्व करने का मौका दें। जिससे मैं बस्तर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर बस्तर की आवाज दिल्ली में उठा सकूं। इस दौरान महेश कश्यप ने भाजपा प्रवेश करने वालों को भगवा गमछा पहनाकर तथा तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों का सबसे पुराने पार्टी से मोह भंग हो चुका है। इसलिए जहां भी जाता हूं बड़ी संख्या में लोग भाजपा में शामिल होते जा रहे है। उन्होंने आव्हान करते कहा कि यही मतदान के दिन भी होगा और प्रचंड बहुमत के साथ सफलता अवश्य मिलेगा। इस दौरान भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी समेत कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

# कार्यकर्ताओं के जोश से हम इस बार अपनी जीत दर्ज कराएंगे : लखमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा ने कहा कि पहली बार मतदान कर रहे युवा आगामी

■ क्षेत्रवासियों ने किया आत्मीय स्वागत



लोकसभा चुनाव को लेकर बहुत उत्साहित हैं। युवा कह रहे हैं कि हमें नफरत फैलाने वाली नहीं बल्कि हमारे भविष्य की चिंता करने वाली सरकार चाहिए। पहली बार मतदान कर रहे युवाओं को शुभकामनाएं। आपके वोट की शक्ति ही आपके भविष्य को शक्तिशाली बनाएगी। बस्तर जिले के बस्तर विधानसभा पहुंचने पर कवासी लखमा ने कार्यकर्ताओं एवं जनता से संवाद कर एक नई ऊर्जा का संचार किया।

लखमा आज ग्राम नारायणपाल स्थित आडावाल पहुंचकर माता सेमरिया मुसरिया मंदिर में माता की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने बस्तर विधानसभा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होकर कांग्रेस के जुझारू और संघर्षशील कार्यकर्ताओं से संवाद कर आगामी लोकसभा में कांग्रेस के पक्ष में वोट देकर एक नई क्रांति लाने की बात कही।

विधायक लखेश्वर बघेल ने कांग्रेस के साथियों को संबोधित कर कांग्रेस पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का आव्हान किया। कांग्रेस के न्याय का संदेश हमें जन-जन तक पहुंचाना है, सभी को न्याय का अधिकार दिलाना है। विधानसभा चुनाव बीते कुछ ही महीने हुए और भाजपा की हकीकत जनता समझने लगी है। जनसंपर्क के दौरान पता चल रहा है कि भाजपा ने हमारी कई जनहित की योजनाओं को बंद कर दिया है, इसे लेकर जनता में भारी असंतोष है, इसका परिणाम भाजपा को भुगतना होगा।

इस दौरान उमाशंकर शुक्ला, दिनेश यदु, प्रेमशंकर शुक्ला, फतेहसिंह परिहार, गणेश बघेल, उत्तम नाइक, जानकीराम सेठिया, धनुर्जय कश्यप, चंपा ठाकुर, आशीष मिश्रा, अंकित पारख, गोपाल कश्यप, शोभाराम, बैद्यनाथ मौर्य, सोनाधार कश्यप, रियाज खान, सुखचंद, टेम्पल, रुद्रप्रताप, पिंटू, जितेंद्र, तुलसी, नीलम, हरदास राजेश कुमार, कुलधर, डोमू, बिगनेश्वर, गणेश, बद्रीनाथ, सामु, जयमन, अनस, जयंती एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गरीब बच्चों के साथ निजी स्कूलों में भेदभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आम आदमी पार्टी ने कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर सीपी बघेल को ज्ञापन सौंप जांच समिति का गठन

■ आम आदमी पार्टी ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की

कर प्राइवेट स्कूल पर कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि प्राइवेट स्कूल संचालक आरटीई के तहत पढ़ रहे बच्चों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। बच्चों को स्कूल नहीं आने कहा जा रहा है। गरीब बच्चों को अलग से बैठाया जाता हैं। उनके पढ़ाई पर भी ध्यान नहीं दिया जाता हैं। आप नेता समीर खान ने कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी को इस मामले की जांच की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि शासन हर साल बड़ी रकम खर्च कर गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से निजी स्कूलों में दाखिला दिला रही है, ताकि अमीरों के बच्चों की भांति इन गरीब बच्चों की शिक्षा में कोई कमी खामी न रहे। प्राइवेट स्कूल संचालक बच्चों को स्कूल से बाहर कर रहे हैं। इस दौरान हरिश, राकेश कश्यप समेत पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

#### एक्टिविटी के नाम पर मनमाना शुल्क

आप नेता ने कहा कि कुछ स्कूलों की रणनीति ये है कि ऐसे बच्चों से स्कूल की हर एक्टिविटी और वस्तु के लिए इतने पैसे मंगाए जाएं कि उनके परिजन त्रस्त होकर अपने बच्चे को स्कूल से टीसी लेने को बाध्य हो जाये। ऐसे बच्चे वापस सरकारी स्कूलों में लौट रहे हैं। गरीब बच्चों को आरटीई से एडमिशन दिलाने के बाद उनकी फीस, किताबों का खर्च और ड्रेस मुफ्त दिया जा रहा हैं। ताकि उन्हें निजी स्कूलों में अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ें।

# नववर्ष में हर सनातनियों के घरों में दीपांकर और सजेगी रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष में समस्त सनातनियों के घरों में दीपांकर, तोरण, भगवा ध्वज और रंगोली से सजाकर नववर्ष भव्य रूप से मनाया जाएगा। पिछले अनेक वर्षो से मनाया जाने वाले हिन्दू नववर्ष को इस वर्ष भव्यता प्रदान करने अभी से जुटने का आव्हान करते सनातनी समाज प्रमुखों ने अपनी बात रखी। करण समाज के पूर्व अध्यक्ष राधा मोहन दास ने कहा हिन्दू नववर्ष वैभव शाली रूप से मनाया जाता रहा है। घरों में पुराने ध्वज को उतार नए भगवा ध्वज और आम पत्ते का तोरण, दीपांकर से रोशन करने के साथ रंगोली सजाई जाएगी। राजपूत क्षत्रिय समाज के शक्ति सिंग चौहान ने कहा हम सर्वधर्म की बात करते अपने को गुलाम बनाया। इसी का फायदा उठाते सम्प्रदाय विशेष के लोग भारत को गुलाम बनाया। यहां तक भारत की गौरवशाली परम्परा को खत्म कर मंदिरों को ध्वस्त करने का काम किया। पंजाबी समाज के अशोक अरोरा ने कहा पिछले 15 वर्षो से सर्व हिन्दू समाज नववर्ष मानता आ रहा है। उस दौर में लोग कम संख्या में जुटते थे, लेकिन पिछले कुछ वर्षोर् में सनातनी लोगों



में जागरूकता आई और हिन्दू नववर्ष धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। एकजुटता के साथ हर वर्ष पर्व की भव्यता का विस्तार हो रहा है, जो अच्छा संकेत है। इस दौरान मंदिरों में भी अब पहले की तुलना में भीड़ हो रही है। सचिव एल ईश्वर राव ने कहा हिन्दू नववर्ष हम सनातनियों का प्रमुख पर्व है। जिसे हम समृद्धि सृजन दिवस के रूप में मनाते है। काल गणना की शुरूवात भी नववर्ष से होती है। इस दिवस को अलग-अलग प्रांत में अलग ढंग से मनाया जाता है। बस्तर में माटी त्यौहार, महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, आंध्रप्रदेश में उगादि, चेटी चन्ड झूलेलाल जयंती के रूप में हिन्दू नववर्ष मनाया जाता है। विजय भारत ने आभार माना। इस दौरान बंगाली ब्राम्हण समाज प्रमुख पुलक भट्टाचार्य ने11 हजार देकर संरक्षक मंडल के सदस्य बने। योगेंद्र कौशिक ने सर्व हिन्दू समाज नियमावली का वाचन किया।

#### समाज प्रमुखों ने बात रखी

बैठक में सिंधी महापंचायत, पंजाब सनातन धर्म सभा, निषाद समाज, झरिया साहू समाज, उत्कल झारिता साहू समाज, आरण्यक ब्राम्हण समाज, कर्मा समाज, करन समाज, बंगीय समाज, कायस्थ समाज, मिथिला समाज, सेन समाज, गुजराती समाज समेत अन्य समाज प्रमुखों ने अपने विचार व्यक्त करते हिन्दू नववर्ष को भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया।

#### मातृ शक्ति की स्कूटी रैली

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नववर्ष के दिन सुबह मातृ शक्तियों की सामूहिक स्कूटी रैली निकाली जाएगी। जो मां दंतेश्वरी मन्दिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मागोंर् से होकर वापस दन्तेश्वरी मन्दिर में सम्पन्न होगी।

## पंचपथ में वाहनों के जमावाड़ा से दुर्घटना की आशंका ...




**जगदलपुर।** शहर के भैरमदेव वार्ड के पंच चौक में दुकान के सामने ट्रक और मिनी वाहन के खड़े होने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। साथ ही दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। वार्डवासियों के अनुसार दुकानदार के द्वारा गोदाम बनाकर दिन और रात में गोदाम और वाहनों से माल लोड और अनलोड किया जाता है। लोगों ने नगर प्रशासन और यातायात पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### हरि कीर्तन से मानव जीवन का होता है कल्याण : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छोटे कापसी

छोटे कापसी बाजार में श्री राधा गोविंद मंदिर पर आयोजित दो दिवसीय हरिनाम कीर्तन के दूसरे दिन क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी शामिल हुए। आयोजित कमेटी ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने कीर्तन में पहुँचकर श्री राधा गोविंद का आशीर्वाद लिया व समस्त क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना किया। विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि हरि नाम के कीर्तन परलकोट में जगह जगह होता रहता है और हरि नाम की धुन सुनने मात्र से मानव जीवन का कल्याण होता है। उन्होने कहा कि हर वर्ष क्षेत्र में आयोजित हरिनाम कीर्तन में सम्मिलित होता हूँ। परलकोट में हरि कीर्तन में श्रद्धालु जिस प्रकार से भक्तिमय रस में डूब के भगवान का याद करते है, वो अद्वितयी व आलोकक है। ऐसे आयोजन से हमारी संस्कृति और समाज दोनो मजबूत होते है। भगवान राम व कृष्ण के नाम जपने से मन में ईश्वर की अनुभूति होती हैं।

## यादव समाज की बैठक में ब्लाक कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

यादव समाज की बैठक तोकापाल ब्लॉक के कोयपाल में हुई। सभी ब्लॉक से यादव समाज के सदस्यों की उपस्थिति रही। समाज की रीति-नीति परंपरा और संगठन की मजबूती के लिए विचार रख कोर कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया। जिसमें निर्मल यादव, लछिन यादव, प्रेम यादव, बबला यादव, सुकमन यादव, सुमन यादव, रूपनाथ यादव, रामेश्वर यादव, लक्की यादव, रातिराम यादव, मथुरा यादव, शिव बालक, गणेश यादव, बुदरु यादव, राजु यादव, बंगालू यादव, जितेंद्र यादव, बेनूधर यादव, संतोष यादव, हरिबन्धु यादव, सुखराम यादव शामिल थे।



ब्लॉक कार्यकारिणी कि नियुक्ति में दरभा ब्लॉक से अध्यक्ष सुमन यादव, उपाध्यक्ष राजु यादव, सचिव लक्की यादव, तोकापाल ब्लॉक से अध्यक्ष संतोष यादव, सचिव हरीबंधू, लोहान्डीगुड़ा ब्लॉक से अध्यक्ष सुकमन यादव, उपाध्यक्ष सुदरू राम यादव, सचिव रतिराम यादव की नियुक्ति की गयी। कोर कमेटी ने आने वाले रविवार को जिला अध्यक्ष, कार्यकारणी, शहर अध्यक्ष और बचे हुए ब्लॉक के लिए समिति गठन और शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस दौरान यादव समाज के नाईक पाइक, परगना, समाज प्रमुख के सदस्य दुर्गा यादव, सुबन्धु यादव, श्याम सुन्दर यादव, खीरसागर यादव, बामन यादव, सोनसाय यादव, गडरू यादव, सहन लाल यादव, विष्णु यादव उपस्थित थे।

# मतदान करवाने प्रशिक्षण के सभी बिंदुओं को समझें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन मतदान कर्मियों को प्रोत्साहित करते

■ मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन कलेक्टर ने कर्मियों को किया प्रोत्साहित

हुए कहा कि प्रशिक्षण में जितना मेहनत करेंगे, मतदान कार्य उतने सहजता से संपन्न होगा। नियमों के अनुसार मतदान करवाने के लिए प्रशिक्षण के सभी बिंदुओं को अच्छे



से समझें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो। उन्होंने पीठासीन, मतदान अधिकारी एक, दो और तीन के लिए प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों को विधानसभा चुनाव में काम करने वाले कर्मियों के अनुभव को साझा कर बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करने कहा।

कलेक्टर ने महिला कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिले की नारी शक्ति ने विगत विधानसभा चुनाव में संगवारी मतदान केंद्रों में मतदान कार्य को निर्विरोध करवाया। इसके अलावा मतगणना कार्य को भी नारी शक्ति ने शिद्दत से निष्पादन किया। इसलिए प्रशासन ने इस बार नगरीय क्षेत्र की मतदान केंद्रों में नारी शक्ति को मतदान करवाने की पहल की है, प्रशासन को उम्मीद है कि सभी मतदान केंद्रों में निर्वाचन कार्य बेहतर तरीके से संपन्न होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण सुनील शर्मा, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वनोपज जांच नाका टूटा जिम्मेदार हैं उदासीन



**भोपालपटनम।** नेशनल हाईवे 63 किनारे वनोपज जांच नाका विगत कुछ दिनों से टूटा हुआ है। इस ओर जिम्मेदार उदासीन बने हुए है। दिन में सैंकड़ों गाड़ियां इस मार्ग से आना-जाना करती है। नाके के टूटे होने से गाड़ियां बे रोक-टोक आवाजाही कर रही है। आए दिन पिकअप या अन्य कई बंद गाड़ियों में सागौन के फारे या सिल्ली को छुपा कर ले जाया जाता है। विगत वर्ष इसी नाके पर एक अधिकारी के सरकारी वाहन से सागौन की लकड़ी मिली थी। बावजूद इस टूटे हुए वनोपज जांच नाका को नहीं बनाना, समझ से परे है। इस विषय डिप्टी रेंजर अजय कोरम से चर्चा करने पर उन्होंने कहा पाईप का पता लगा रहे है, पाईप मिल जाएगा तो बनवा देंगे।